तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अगस्त 2024

12 महाविद्यालय में प्रवेश जीवन की नई शुरुआत...

12 होलीफेथ में मनाया हरेली उत्सव, सांस्कृतिक...

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

वाटरप्रूफ लिफाफा अमृत बंधन से होगी रक्षा सूत्रों की डिलीवरी, राखी मेल तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रक्षाबंधन का त्योहार को अब पखवाड़ा भर शेष है, इसे देखते हुए डाक विभाग द्वारा त्यौहार से पहले ही बहनों के रक्षा सूत्र को भाइयों तक पहुंचाने विशेष तैयारी कर ली है। शहर के तीन स्थानों पर राखियों के लिए स्पेशल पीले रंग के पोस्ट बाक्स लगाए गए हैं, तो राखियों के लिए स्पेशल वाटरप्रूफ लिफाफे भी मुहैय्या कराए गए हैं जिसे अमृत बंधन का नाम दिया गया है।

भाई और बहनों के पवित्र प्रेम को सेलिब्रेट करने का त्योहार राखी इस साल 19 अगस्त को है। राखियों का बाजार सजकर तैयार है। महिलाएं रोजाना राखी खरीदने के लिए बाजार पहुंच रही हैं, जो बहनें अपने भाइयों से दूर हैं, उनके लिए वे पोस्ट के माध्यम से राखियां भेज रही हैं। इन बहनों को सुविधा देने के लिए पोस्ट आफिस ने विशेष तैयारी कर ली है। राखियों के लिए स्पेशल वाटरप्रूफ लिफाफा पोस्ट आफिस में उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार पोस्ट आफिस में करीब एक हजार वाटरप्रूफ लिफाफे आए हैं, जिसे 10 रुपए प्रति लिफाफा के हिसाब से बेचा जा रहा है। ये लिफाफे वाटरप्रूफ होने के साथ-साथ काफी आकर्षक है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पोस्ट आफिस से ये लिफाफे खरीदे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सामान्य लिफाफा भी उपलब्ध है, जिसकी कीमत 5 रुपए है।

शहर के तीन स्थानों पर लगाए गए राखी के लिए पीले रंग के पोस्ट बाक्स

बिकने पहुंचा तिरंगा एवं गंगा जल

आजादी का जश्न मनाने के लिए पोस्ट आफिस में तिरंगा झंडा बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस झंडे को 25 रुपए कीमत रखी गई है, जिसकी साइज 2 फीट लंबाई और डेढ़ फीट चौड़ा है, जो कि फिलहाल 300 नग मंगाए गए हैं। सस्ते दर पर उपलब्ध होने के कारण इसकी खूब डिमांड है। इसके अतिरिक्त सावन को ध्यान में रखकर गंगाजल का भी भरपूर स्टाक रखा गया है। 250 एमएल वाली बोतल की कीमत 30 रुपए है।

इन स्थानों पर राखी मेल

पोस्ट मास्टर बीआर मरकाम ने बताया कि हर साल पोस्ट आफिस द्वारा राखियों के लिए स्पेशल पीले पोस्ट बाक्स लगाए जाते हैं, जिसे राखी मेल नाम दिया गया है। इस साल शहर के तीन स्थानों पर राखी मेल लगाया गया है। उपडाकघर, कलेक्टोरेट और तहसील दफ्तर में ये बाक्स लगे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षो से राखियों के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायत रही है, जिसे इस साल दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

फोन-पे पर पैसा डालने के नाम पर धोखाधड़ी

महासमुंद। फोन पे पर पैसा डालने के झांसे में आकर बरेकेल कला के एक व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार हो गया। पटेवा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी लेखराम पिता धनऊ दीवान निवासी ग्राम बरेकेल कला ने बताया कि 4 अगस्त को मेरे मोबाइल में किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और कहा कि आपके फोन पे पर पैसा डाल रहा हूं। जिसके लिए ओटीपी बताना होगा। ओटीपी बताने पर केंद्रीय जिला सहकारी मर्यादित बैंक के खाते 1,50,000 रुपए कट गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

युवक से दो लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। रास्ते को बंद नहीं किए जाने को लेकर एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट की। सांकरा थाने में घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बिरंची गढतिया पिता जोगीराम गढतिया निवासी ग्राम माटीदरहा 4 अगस्त को 1 बजे के बीच अपने घर के सामने देवगुड़ी में देवता पूजा करने के लिए गया था तो वहां पर गांव के मनबोध साहू एवं मनजोस साहू ने उसे कहा कि तुम्हारे घर के सामने देवगुड़ी जाने के रास्ते को बंद क्यों नहीं किए हो कहा और एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

डुमरपाली में पुरानी बात को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम डूमरपाली के एक व्यक्ति के साथ पुरानी बात को लेकर दो लोगों ने मारपीट कर दी। बलौदा पुलिस ने बताया कि गोपाल पिता टिकेसर बरिहा 4 अगस्त की रात 10 बजे अपने घर के सामने गली में खड़ा था, उसी समय गांव के ही हरेकृष्ण जाल एवं अनिल बरिहा आए और पुरानी बात को लेकर गालियां देने लगे। मना करने पर दोनों ने एकराय होकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

विडंबना: देखरेख के अभाव में पनप नहीं पाते 90 फीसदी पौधे

पौधारोपण के नाम पर हर साल फूंके जाते हैं लाखों रुपए, बचते हैं सिर्फ ठूंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पौधे सुरक्षा के अभाव में पनप नहीं पा रहें। बावजूद हर साल बारिश के सीजन में पौधरोपण कर लाखों रुपए खर्च किया जाता है। स्थिति यह है कि जिन जगहों पर पौधों का रोपण किया गया था, वहां ठूंठ तक बचा नहीं है। इतना ही नहीं, जहां पर पौधे आकार नहीं ले पाते हैं, वहां भी कई-कई बार पौधरोपण किया गया है। इस वर्ष वन विभाग द्वारा 2024-25 में साढ़े तीन लाख पौधे लगाने की तैयारी की है।

वर्ष 2019 को जिला स्तरीय वन महोत्सव के तहत वार्ड-6 दलदली रोड महासमुंद में 5 हजार पौधे लगाए गए थे। उन पांच हजार पौधों में 30-40 ही बचे हुए हैं। आलम यह है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए एक भी पौधे जीवित नहीं बचे हैं। वन विभाग का कहना है कि जिस स्थल पर पौधरोपण किया गया था, वहां की मिट्टी पौधों के लिए अनुकूल नहीं है। इस कारण पौधे बड़े नहीं हो पा रहे हैं। हरियर कोष मद से पैसा पानी की तरह बहा देने के बाद लोगों को छाया भी नहीं मिल रही है। 2019 में इसे ऑक्सीजोन बनाने का निर्णय लिया गया था। उस समय यहां साइकिल ट्रैक बनाना भी प्रस्तावित था, लेकिन पौधे नहीं पनप पाने के कारण ऑक्सीजोन तो दूर की बात है, लोगों हरियाली भी नसीब नहीं हुई। वन विभाग द्वारा 2022 और 2023 में भी इसी मार्ग पर क्षतिपूर्ति के तहत पौधे लगाए गए थे। देखरेख के अभाव में पौधे नहीं बच पाए।

कृष्ण कुंज की स्थिति बेहतर

जानकारी के मुताबिक वन विभाग द्वारा संजय कानन में पौध पाठशाला बनाया जाना था। यहां लोगों को दुर्लभ किस्म के पौधे की जानकारी दी जानी थी, लेकिन पौध पाठशाला नहीं बन पाई। संजय कानन के पास ही वन विभाग द्वारा कृष्ण कुंज बनाया गया है, जहां पिछले वर्ष वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया था। यहां अधिकतर पौधों की स्थिति बेहतर है।

पथरीली जमीन पर पौधारोपण

लभराखुर्द में 2013 में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया था। यहां जब पौधरोपण किया गया था, तब सवाल भी उठे थे कि यहां की जमीन काफी पथरीली है। हालांकि, यहां छात्रों व अतिथियों द्वारा लगाए गए ज्यादातर पौधे विकसित हो चुके हैं, लेकिन मुख्य द्वार के आस-पास व पथरीली जमीन के आस-पास के पौधे आज तक बड़े नहीं हो पाए।

3.50 लाख पौधे लगाने तैयारी

डीएफओ पंकज राजपूत ने बताया कि अच्छी बारिश होने के बाद ही पौधों का वितरण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। नर्सरी में साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा पौधे तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दलदली रोड पर क्षतिपूर्ति के तहत पौधे लगाए गए हैं, लेकिन मिट्टी पौधों के अनुकूल नहीं है। यही वजह है कि पौधे पनप नहीं पा रहे हैं। लभराखुर्द में पौधों की स्थिति अच्छी है।

हजारों कांवरियों ने किया सिरपुर के गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने कांवरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बम्हनी स्थित श्वेत गंगा कुंड से जल लेकर हजारों की संख्या में कांवर यात्री सिरपुर पहुंचे थे। कांवर यात्रा में नगर समेत आसपास के जिलों से काफी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। सिरपुर पहुंचने वाले कांवर यात्रियों के लिए बोल बम सेवा समिति परिसर में भोजन प्रसादी की व्यवस्था जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण चंद्राकर द्वारा की गई थी। भंडारे में साढ़े छः क्विंटल चावल से भोजन बनाने में जलकी के सेवाभावी सदस्यों ने देर रात तक योगदान दिया। वहीं सब्जी व दाल बनाने में सुंदर साहू, दीपक सोनी, दीपक साहू, संजय पांडेय की पूरी टीम दोपहर से देर रात तक डटी रही। समिति के अध्यक्ष थनवार यादव ने बताया कि करीब 5 हजार से अधिक कांवर यात्रियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। तीसरे रविवार 11 अगस्त को पटेवा के जोगिंदर प्रदीप सिंह वी लक्ष्मण पटेल द्वारा भंडारे की व्यवस्था रखी गई है। सिरपुर जलाभिषेक करने पहुंचने वाले कांवरिए शनिवार की दोपहर से चलकर रविवार को पहुंचते हैं और रात्रि विश्राम उपरांत सोमवार को महादेव का जलाभिषेक करते हैं। कांवर रखने की व्यवस्था यज्ञशाला में लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई है। अभी दो सावन सोमवार शेष है और इसमें कांवर यात्रियों की संख्या बढ़ाने का अनुमान है इसे देखते हुए समिति ने कांवर स्टैंड व्यवस्था बढ़ाने का अनुरोध किया है।

सहस्त्र जलधारा अभिषेक 9 व गंगा आरती 11 को

बोल बम समिति सिरपुर, महासमुंद, जलकी द्वारा प्रतिवर्ष की जाने वाली सहस्त्र जलधारा अभिषेक 9 अगस्त को किया जाएगा। महानदी तट से मंदिर परिसर तक मानव श्रृंखला बनाकर यह आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रद्धालु महानदी से मानव श्रृंखला के माध्यम से जल पहुंचाते हैं और इससे भगवान भोलेनाथ का सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया जाता है। इसकी तैयारी समिति द्वारा की जा रही है। इसी तरह चित्रोत्पला गंगा आरती का आयोजन 11 अगस्त को शाम 6:30 बजे होगा। मंदिर पुजारी के अनुसार भ्रमण के लिए बाबा गंधेश्वर नाथ की सवारी पालकी यात्रा 18 अगस्त को अभिषेक उपरांत निकलेगा जो सिरपुर भ्रमण के बाद वापस मंदिर पहुंचेगा।

दो युवकों से मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद। पिथौरा थाना अंतर्गत लाखागढ़ में एक युवक और उसके दोस्त की 3 लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को वार्ड नं 10 लाखागढ निवासी प्रार्थी संजय रात्रे पिता हेमू रात्रे ने बताया कि 4 अगस्त को वह अपने दोस्त संतोष प्रजापति के साथ अपने घर लाखागढ़ जा रहा था कि करीबन 12.40 बजे रवि देवांगन के दुकान के सामने रूका, वहां पर पहले से बैठे विदेशी यादव ने कहा कि मेरे घर की शादी में क्यों नहीं आए, इस पर क्यों आऊंगा कहने पर विदेशी यादव एवं उनके साथ में बैठे विनोद यादव, संजय यादव ने एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडे से प्रार्थी और साथी संतोष से मारपीट की। मारपीट से प्रार्थी के हाथ, मुंह, नाक एवं पेट में चोट लगी है, एवं उसके दोस्त संतोष नाक, मुंह हाथ में चोटें आई है। प्रार्थी ने बताया कि बीचबचाव करने आई दीदी सरिता रात्रे के साथ भी आरोपियों ने वाद विवाद, गाली गलौज किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

जिले में अब तक 499.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 499.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 628.4 मिलीमीटर, बसना में 589.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 547.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 467.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 428.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 334.0 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 05 अगस्त को 12.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 10.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 7.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 2.0 मिलीमीटर, बसना में 1.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 0.9 एवं कोमाखान तहसील में 0.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

नवपदस्थ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के नए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने

- जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों एवं शाखाओं का किया अवलोकन
- अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालय समय पर आने के निर्देश

विधिवत पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि विनय कुमार लंगेह वर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी है। वे महासमुंद जिले के 23वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे कोरिया जिले में कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही गरियाबंद जिले में जिला पंचायत सीईओ के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के तत्काल पश्चात अधिकारियों से परिचय लेकर जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं और विभागों के कक्षों में पहुंचकर वहां का अवलोकन किया

तथा वहां पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली।

कलेक्टर लंगेह ने अवलोकन के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही रिकार्ड संधारण और दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागीय कार्यों की ▶▶|शेष पेज 10 पर

शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवपदस्थ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मीडिया प्रतिनिधियों से रुबरु हुए। उन्होंने जिले

- कलेक्टर लंगेह पत्रकारों से हुए रूबरू, जनता की सहभागिता से विकास कार्यों को देंगे विस्तार

में विकास की प्राथमिकताओं और मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता में रहेगी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और अन्य समस्याओं का समाधान मीडिया कर्मियों और जनता के सहयोग से किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं को गंभीरता से लेकर निराकरण के सार्थक प्रयास किए जायेंगे।

लंगेह ने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है। विश्व प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल सिरपुर की विशेष पहचान है जिसके विकास के लिए और कार्य किया जाएगा। इसी तरह शिशुपाल पर्वत सहित अन्य पर्यटन स्थलों का स्थानीय संसाधन और विभागीय समन्वय के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। आम जनता को शासन द्वारा दी जा रही सेवाओं ▶▶|शेष पेज 10 पर

सरकार बदली तो रूटीन के अलावा शहर विकास के लिए अन्य कोई फंड नहीं मिला

दो साल के कार्यकाल की उपलब्धि और प्रस्तावित योजना का दिया ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष के तौर पर दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर विकास के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा व विधानसभा चुनाव के चलते लागू हुई आचार संहिता का भी उल्लेख करते हुए कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद शहर विकास की गति धीमी नही होने दी गई। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के रहते दो बार नपाध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ा जिसमें पहला अध्यक्ष बनने और दूसरा अध्यक्ष हटाने के लिए। हालांकि सफलता बाद में मिली, जिसके बाद अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 10 पर

प्रस्तावित कार्यों की दी जानकारी भी

शहर विकास के लिए आगामी प्रस्तावित योजना के बारे में उन्होनें बताया कि शहर के मृत नहर को लिंक रोड बनाने, युवा छात्र-छात्राओं हेतु ई-लायब्रेरी निर्माण, नया बस स्टैण्ड निर्माण हेतु ग्राम मचेवा व बेलसोंडा के मध्य में भूमि मांग, ट्रांसपोर्ट नगर के लिए शासन से मांग, दो स्थानों पर आधुनिक शौचालय निर्माण 02 स्थानों पर, 08 चौक चौराहे में हाई मास्क लाईट, ई-रिक्शा/ई कार्ट क्रय, रीपा की तर्ज पर शहरों में अरबन कॉटेज एवं सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क लगाए जाने हेतु, शीतला तालाब सौंदर्यीकरण एवं पचरी, घाट निर्माण, गौरव पथ (बरोण्डा चौक से गुरु गोविंद सिंह उद्यान तक) सहित अन्य कई प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई।

प्रयास से जरुर बनेगा बाईपास

बाइपास निर्माण को लेकर श्रीमती महिलांग ने कहा कि शहरवासियों की इस ज्वलंत समस्या के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले। उनका पत्र भी आया और अब रायपुर की टीम आकर पूरी रिपोर्ट तैयारी कर दिल्ली भेजेगी। इससे जल्द इसके निर्माण की उम्मीदें जागी हैं। उन्होनें कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद पालिका में अध्यक्ष निधी, पार्षद निधी और 15वें वित्त की राशि तो पहुंची लेकिन, विकास को लेकर कोई विशेष राशि नहीं मिल पाई है।

यह विकास कार्य हुए दो वर्षों में

महिलांग ने बताया कि शहर में बंद महिला जिम को पुनः प्रारंभ कराया गया और शहर को सुअर मुक्त किया। शहर में तिरंगा लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण के साथ पांच स्थानों में हाइमास्क लाइट से रोशनी की गई। विभिन्न वार्ड में पेयजल आपूर्ति को बेहतर करने बोर खनन, विभिन्न मार्गों का नामकरण शहर के ही महापुरुषों के नाम, महिला सशक्तिकरण व एकजुटता के लिए महिला दिवस, गरबा नाईट, हल्दी कुमकुम, फुर्सत के पल, पौधारोपण आदि के आयोजन हुए। शहर की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ग्रीष्मकाल में तीन टाइम पेयजल आपूर्ति की सुविधा को जारी रखा और मुख्य मार्ग की दीवारों पर महापुरुषों की पेंटिंग व ओवरब्रिज की दीवार रंग-रोगन कर शहर सुंदर बनाया। स्वच्छता के लिए डस्टबिन वितरण अपनों से अपनी बात के माध्यम से लोगो की समस्याओं से रूबरू होना व त्वरित निदान, तालाबों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए शहरवासियों की मांग पर निर्माल्य रथ का संचालन, ओवरब्रिज के नीचे खेल प्रेमियों के लिए खेल सुविधा के लिए प्रयास, मच्छरों के आतंक से शहरवासियों को निजात दिलाने हेतु फॉगिंग मशीन की शुरुआत, विठोबा चौक से मुक्ति धाम और बरोड़ा चौक से गुरुगोविंद उद्यान तक ट्यूबलर लाइट की व्यवस्था, मुस्लिम कब्रिस्तान में बैठने की व्यवस्था, मोती उद्या न से रेलवे स्टेशन तक, लोहिया चौक से पीटियाझर नाला तक, पीटियाझर पानी टंकी गुरु रविदास भवन तक से तुमगांव रोड ओवर ब्रिज से उत्तम पेट्रोल पंप तक ट्यूबलर पोल कार्य 2 करोड़ 20 लाख के लागत का कार्य टेंडर प्रक्रियाधीन है जो एक माह के अंदर शुरू होने वाला है। दो ओवरहेड टैंक भी टेंडर प्रक्रियाधीन हैं। दो जगहों पर मॉडल सुलभ शौचालय निर्माणधीन है।

जुआ खेलने के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट

महासमुंद। जुआ खेलने के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना थाने में एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम गढ़पटनी के प्रहल्लाद कुमार सोनी पिता अगहन सिंह सोनी ने बताया कि 4 अगस्त को शाम करीबन 4 बजे आसपास पारसमणी निषाद के घर के सामने गली में ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। पैसे के लेनदेन को लेकर ग्राम गढपटनी के गोपाल कैवर्त उसके साथ हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करने से बायें गाल, नाक, आंख के पास चोट लगी है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप

बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। छग शासन कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024 के लिए डॉ खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि आवेदन पत्र जिले के उप संचालक कृषि एवं विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय तथा कृषि विभाग के वेबसाइट से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है तथा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पूर्ण कर संबंधित कार्यालय में 31 अगस्त 2024 तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन से संबंधित नियम एवं शर्तें, योग्यता, चयन एवं मूल्यांकन का मापदंड से संबंधित जानकारी उप संचालक कृषि कार्यालय व संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना की संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

नवागांव स्कूल में 84 छात्रों का नेत्र परीक्षण

महासमुंद। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में उपस्वास्थ्य केंद्र पटेवा के नेत्र सहायक भानु प्रताप ध्रुव द्वारा 84 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण पात्र विद्यार्थियों को चश्मा हेतु चिन्हांकित किया गया। नेत्र में होने वाली सामान्य विकृति एवं सुरक्षा की उपाय बताया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक अरुण कुमार साहू, अमर साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, शाला नायक प्रेरणा निर्मलकर, उप शालानायक यामिनी सिन्हा, स्वास्थ्य प्रभारी जया पटेल सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सिस्टम दूर हुआ इसलिए थमी, अब 8 अगस्त से फिर होगी बारिश

दिन में कुछ देर निकल रही धूप, दिन-रात के पारा में सिर्फ 5 डिग्री का फर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उत्तर भारत की ओर रूख किए जाने के कारण छग में मानसून की सक्रियता कुछ कमजोर पड़ा है। फिलहाल मौसमी सिस्टम इतना दूर जा चुका है कि झमाझम बारिश रविवार से थम सी गई है। तकरीबन दो हफ्ते से दिखाई देने वाला बादल नहीं के बराबर दिखाई दिए। इसलिए, दो दिनों से कुछ देर के लिए धूप खिली रहीं और मौसम तकरीबन खुला रहा, जिससे खेती कार्यो में तेजी आई है। वहीं, लोगों को भी लगातार बारिश से राहत मिली।

जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश व झारखंड के ऊपर बना सर्कुलेशन मर्ज होने के बाद अब - उत्तरप्रदेश पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ से दूरी ज्यादा होने के कारण दो दिनों तक हुई झमाझम बारिश रविवार से थम गई। कम ऊंचाई पर जहां-तहां छाए बादलों से बीच-बीच में हल्की बूंदा-बांदी हुई। शनिवार की रातभर में जिले में 17.7 मिमी पानी गिरा था।

वहीं रविवार को बूंदा-बांदी को मिलकर केवल 3.4 मिमी पानी गिरा। दिन के तापमान में मामूली - बढ़ोतरी देखने को मिली। तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 30 डिग्री तक पहुंच गया है।जबकि, रात का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। इसके अनुसार -दिन जहां गर्म हुआ, वहीं रात में ठंड थोड़ी बढ़ गई है। लेकिन, मौसम विभाग के अनुसार 8 अगस्त से फिर से बारिश की संभावना है। यह सर्कुलेशन बन गया तो एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो सकता है। जून की बारिश का कोटा अब अगस्त व सितंबर में पूरा हो सकता है।

सामान्य बारिश की श्रेणी में जिला

15 जुलाई तक जिले के कोटे से 37 फीसदी कम बारिश थी। 16 जुलाई से 31 जुलाई के बीच हुई झमाझम बारिश से यह कोटा 24.6 भरा। अगस्त की शुरुआत में हुई मूसलाधार बारिश से दो दिन में ही निर्धारित कोटे से कमी घटकर 11.3 रह गई। क्योंकि 1 जून से 4 अगस्त तक जिले में औसतन 562 मिमी पानी बरसना चाहिए, जो अब तक 499 मिमी बरसा है।

गहन अवदाब कमजोर होने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश और उससे सटे दक्षिणी उत्तर प्रदेश पर बना एक गहन अवदाब पिछले 6 घंटों के दौरान 22 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लगभग पश्चिम की ओर बढ़ गया है। इसके अगले 12 घंटों के दौरान धीरे-धीरे कमजोर होकर अवदाब में तब्दील होने की संभावना है, जिसके चलते हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है।

कार्रवाई: स्वर्ण जयंती स्मारक को तोड़कर करवाया गया था अतिक्रमण

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में शासकीय भूमि खसरा 376 रकबा 029 हेक्टेयर में अंतिम नोटिस देने के बाद सरपंच भामिनी ने प्रस्ताव क्रमांक 08, 08 जुलाई 2024 का अनुसरण करते हुए प्रस्ताव क्रमांक 05-30 जुलाई 2024 के तहत पंचायतीराज अधिनियम 1993 की धारा 56 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकर्ताओं को अंतिम नोटिस 2 अगस्त 2024 को देने के बाद दो दिवस का समय देते हुए निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए पर्याप्त अवसर दिया था। विदित है कि धारा 56 मे सरपंच को किसी भी शासकीय भूमि में हुए अवैध निर्माण को तोड़ने का अधिकार दिया गया है, यदि अतिक्रमणकर्ता सरपंच को व्यवस्थापन संबंधी अनुरोध करते तो इस पर भी पंचायत विचार कर सकती थी। लेकिन, ऐसा न करके अतिक्रमणकर्ताओं ने पूर्व सरपंच को भी लपेटे में ले लिया है। क्योंकि, सरपंच

चंद्राकर के अनुसार पुराना पंचायत एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 के सामने ये पूरा अतिक्रमण पूर्व सरपंच राजेंद्र चंद्राकर के इशारे पर स्वर्ण जयंती स्मारक को तोड़कर करवाया गया है और उस समय पूर्व सरपंच ने किसी भी प्रकार से अतिक्रमणकर्ताओं को नहीं रोका था और न ही राजस्व न्यायालय में किसी भी प्रकार की शिकायत की थी। इसका मतलब यह है कि पूरा अतिक्रमण उनके नाक के नीचे हुआ है। सरपंच भामिनी इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच के लिए भी मंत्रालय मे आवेदन के बारे में विचार कर रही है। इस संबंध में बेलसोंडा सरपंच ने बताया कि जब उन्होंने पूर्व सरपंच से इस संबंध में चर्चा की तो उन्होंने कोई जवाब देने से इनकार कर दिया। बताया गया है कि स्वर्ण जयंती स्मारक तोड़ने के लिए मिस्त्री तेजराम धीवर को पूर्व सरपंच ने ही मजदूरी दी थी। जिस पर मिस्त्री तेजराम धीवर ने भी सहमति जताई। सरपंच भामिनी ने बताया कि यदि इस अतिक्रमण को हटाने के लिए यदि ठोस कदम नही उठाउंगी तो पूरा गांव अतिक्रमण की चपेट में आ जाएगा।

त्रयंबकेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार...

महासमुंद। शहर के त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर स्थानीय महिला मंडल द्वारा शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया।

हरेली पर्व...

महासमुंद। ग्राम बम्हनी में छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन गांव के कृषकों ने कृषि औजारों को धोकर रीति रिवाजों के साथ चावल एवं गुड़ से बने चीला चढ़ाकर पूजा अर्चना कर अच्छी फसल के लिए कामना की।

तृतीय सोमवार को महारुद्राभिषेक में शामिल हुए प्रदेश संगठन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा कराए जा रहे श्रावण मास में एक माह के महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में तृतीय सोमवार को भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन कुमार साय शामिल हुए। उनके साथ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार सहित पूजा में सम्मिलित हुए। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व नगर के गणमान्य नागरिक भी महारुद्राभिषेक में शामिल हुए। इससे पहले पवन कुमार साय का आगमन विधायक कार्यालय में हुआ और उपस्थित विधायक व भाजपाजनों ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि श्रावण मास में विशाल मेगा मार्ट परिसर व विधायक कार्यालय के पीछे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा विगत 8 वर्षों से महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन

कार्यक्रम करवाया जा रहा है। इस सोमवार श्रावण का तीसरा सोमवार था, जिसमें पूजन के बाद रुद्राक्ष वितरण भी किया गया। तीसरे सोमवार के महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन कुमार साय शामिल हुए। मंत्रोच्चार के साथ महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। फिर महादेव की आरती और प्रसाद वितरण हुआ। वहीं इस सोमवार रुद्राक्ष वितरण भी किया गया। हर साल नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु गण पूजा में शामिल होते हैं। इस बार श्रावण मास 22 जुलाई से प्रारंभ हुआ है। उसी दिन से ही महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम शुरू हुआ है, जो कि 19 अगस्त तक चलेगी। प्रतिदिन सुबह वेदी पूजा, महामृतुंज्य जाप व महारुद्राभिषेक होता है। इसके पश्चात मानस मंडली द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी जाती है। शाम में हवन-पूजन कार्यक्रम होता है।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेतागण पूनम चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, शंकर अग्रवाल, संजय शर्मा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, अनिता रावटे, सतपाल सिंह पाली, रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, झनक लाल साहू, येतराम साहू, सुधा साहू, बंटी शर्मा, कौशल्या बंसल, पवन पटेल, देवीचंद राठी, मीना वर्मा, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, हरवंश सिंह, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, गोपाल वर्मा, शुभ्रा शर्मा, सोनाधर सोनवानी, आनंद साहू, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

जनभागीदारी समिति का गठन हो जल्दः अभाविप

महासमुंद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद ने आज जन दीक्षांत समारोह के दौरान महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भागीदारी समिति की गठन को लेकर ज्ञापन सौंपा। अभाविप नगर मंत्री लवेश साहू ने बताया की विगत कई वर्षो से यह नियम सभी शासकीय महाविद्यालय द्वारा पालन किया जाता है। जिसमे जनप्रतिनिधि को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होता है। लेकिन लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के समय से ही जिले में जितनी भी जनभागीदारी समितियां थी उन सभी को कलेक्टर के द्वारा शून्य कर दिया गया था। इसी विषय को लेकर विधायक को ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया गया की जल्द से जल्द कॉलेज में जनभागीदारी समिति का गठन हो जिससे कॉलेज के मूल भूत समस्याओं का निवारण हो और समिति का स्वचारु रूप से संचालन हो। जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ललित साहू, कुंभज चंद्राकर, मोहित तिवारी, धनंजय चेलक,वासु चंद्राकर, अश्वंत भोई, योगेश साहू,रमन, निखिल साहू, राजा निषाद, मन्नू शर्मा आदि मौजूद थे।

मैथिलीशरण गुप्त जयंती पर आस्था ने बिखेरी काव्य की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के 140वीं जयंती के अवसर पर साहित्यकार एस चन्द्रसेन के निवास त्रिमूर्ति कालोनी महासमुंद में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं तात्कालिक राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षिका आशा मानव रायपुर उपस्थित थी। कार्यक्रम में अध्यक्षता साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से करते हुए कवि कमलेश पांडेय ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की कृति से



मामडली का सस्वर वाचन किया। मुख्य अतिथि आशा मानव द्वारा काव्य समर्पित करते हुये कहा कि वसुंधरा पुकारती, वसुंधरा दुलारती, जिंदगी सफर अगर मंजिलों की मोती है।

वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि बस कामना इतनी और अब एक ही प्रण। हे मातृभूमि चरणों में तेरी तन-मन समर्पण। साहित्यकार डॉ साधना कसार द्वारा पंक्तियां देते हुये छत्र नहीं सिर पर फिर भी आगे बढ़ना है, हो अनेक शैल किंतु प्रगति सोपान चढ़ना है।

काव्य गोष्ठी को नई ऊंचाईयां देते हुए सौरिन चंद्रसेन ने कहा कि संस्कारों से जगती है धरती, ऐसा है मेरा देश सुनाकर सबका हृदय जीत लिया । साहित्यकार टेकराम सेन अपने अंगूठे अंदाज में संचालन करते हुए हरियाली पर पंक्तियां समर्पित की- धरती में हरियाली ला हम सब मिलकर स्वर्ग बनाए कहते सभी कहानी यही बताती दादी नानी । साहित्यकार कमलेश पांडेय ने कहा कि करते क्यों अपमान बोल आतंक तू क्या कहता है ।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जाएंगे नशामुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा राष्ट्र को नशामुक्त बनाने के लिए नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) का संचालन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्त भारत अभियान के बैनर तले युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम करने, समय-समय पर मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरूकता प्रचार-प्रसार कार्यक्रम, सेमिनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा बंदी प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया के द्वारा प्रचार अभियान, नशा बंदी शपथ आदि का संचालन किया जाना है। शिक्षण, प्रशिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर की सीमा में सिगरेट आदि मादक पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया। जिसके लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति भी गठित की गई है। नशा मुक्ति अभियान को अपेक्षित गति प्रदान करने हेतु जिला

नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ ही इस अभियान में नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य किए जाने हेतु कुल 50 वालिंटियर्स को नियुक्त किए जायेंगे। जिनमें एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवी शामिल होंगे। नियुक्त वालिंटियर्स को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारियों को मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाइयों पर रोकथाम के लिए समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी. कुदेशिया, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास समीर पांडेय, आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर जन चौपाल में मिले 14 आवेदन

महासमुंद। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में नवपदस्थ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 14 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इनमें ग्राम पतेरापाली की श्रीमती ममता प्रधान ने नक्शा त्रुटि सुधार के लिए, ग्राम मचेवा के संतोष शर्मा ने अतिक्रमण हटाने, बागबाहरा के संतराम ध्रुव ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने व ग्राम धरमपुरा के मदन लाल निषाद ने जाति प्रमाण पत्र में सुधार के लिए, ग्राम बेलडीह के भीखाराम ने विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर हटवाने तथा सरायपाली की दीप्ति विश्वास ने मोटर पंप मरम्मत की राशि दिलवाने हेतु आवेदन सौंपे। इसके साथ ही जिला पेंशनर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यालय के लिए स्थल उपलब्ध कराने हेतु आवेदन सौंपा। जन चौपाल में डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पेज 09 का शेष

नवपदस्थ कलेक्टर..

जानकारी लेते हुए स्टाफ से जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे आम लोगों से भी जानकारी लेते हुए समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर लंगेह ने जिला कार्यालय स्थित खाद्य विभाग, निर्वाचन शाखा, आबकारी, खनिज, कोषालय, भू-अभिलेख, एनआईसी, रिकार्ड रूम, हमर गोहार, चिप्स, राहत शाखा, अंत्यावसायी, लोक सेवा केंद्र, स्थापना शाखा, आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों एवं शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा व आशीष कर्मा, मनोज कुमार खांडे, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

शासन की फ्लैगशिप...

की सुविधा मिले यह सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए भी कार्य किया जाएगा। शिक्षकों के बेहतर कार्य को प्रेरित किया जाएगा। इसी तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य के लिए योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति निश्चित की जाएगी। उन्हेंने कहा कि सड़क पर मवेशियों के जमावड़े को लेकर नेशनल हाईवे के किनारे स्थित गांवों और नगरीय निकायों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समस्या के निजात के लिए आम नागरिकों की भी सहभागिता जरूरी है। श्री लंगेह ने पत्रकारों के अन्य सवालों का भी जवाब दिया। प्रेसवार्ता में डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि मौजूद थे।

दो साल के कार्यकाल

और जनता के बीच की दूरी तकरीबन खत्म सी हो गई। पत्रकार वार्ता के दौरान श्रीमती महिलांग ने बताया कि लोग उन्हें अपना परिजन मानकर अधिकारपूर्वक अपने कार्यों के लिए कहते रहे जिसके कारण लोगों को आवेदन देने जैसी स्थिति का सामना नही करना पड़ा। उन्होनें शहर विकास के लिए अपने पार्षद, सभापति, पालिका में पदस्थ अधिकारी और विभिन्न विभागों के जमीनी कर्मचारियों तक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग के चलते दो वर्षों में शहर विकास लिखा गया। उन्होनें कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक में उन्हें अपनापन और एक रिश्ता नजर आया जिसके चलते वे और उनका परिवार सदैव बतौर सेवक मौजूद रहेगा। उन्होनें कहा कि आम नागरिकों का सहयोग और विकास कार्य लगातार जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

बोलबम कांवरियों का किया गया स्वागत

महासमुंद। भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा शास्त्री चौक में बोलबम कांवरियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। पार्षद मनीष शर्मा ने बताया कि बोल बम का सेवा आयोजन का यह 18वां वर्ष है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष होरीलाल पांडे, दीपक तिवारी, चंद्र बदन मिश्रा, कुंदन चतुर्वेदी पुरुषोत्तम शर्मा, मधु तिवारी, शुभ्रा शर्मा, अभिनव तिवारी, राजै गौतम, तेजनाथ साहू, अनुज पांडे, अग्रज शर्मा, प्रकाश शर्मा, समीर तिवारी, दिव्यांश पांडे, आकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

राजेश ने 50 बच्चों का प्रवेश शुल्क दिया

महासमुंद। स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय को संचालित करने वाली आदर्श शिक्षा मंडल समिति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं स्थाई सदस्य राजेश लूनिया द्वारा अपने पिता स्व. सोहनलाल लूनिया की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 अगस्त को कक्षा अरूण के भैया बहनों का प्रवेश शुल्क 28000 रुपए स्वर्गीय पिता की स्मृति में विद्यालय को प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय को चाकलेट एवं बिस्किट पैकेट का वितरण किया गया। लूनिया के इस पुनीत कार्य के लिए समिति के अध्यक्ष घनश्याम सोनी, उपाध्यक्ष महेश, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सचिव भूपेंद्र राठौर, सहसचिव गोवर्धन प्रधान, सदस्य संध्या शर्मा व समस्त सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर आदि ने आभार जताया।

हरेली पर गेड़ी दौड़ और नारियल फेंक स्पर्धा हुई

महासमुंद। झलप पटेवा मंडल में सोमवार को छग के प्रथम तिहार हरेली तिहार पर गेड़ी दौड़ एवं नारियल फेंक कार्यक्रम किया गया। मुख्य रूप से धरम पटेल मंडल अध्यक्ष, चंद्रहास गोलू चंद्राकर महामंत्री, खेमराज बघेल प्रदेश आईटीआई सदस्य, राजेंद्र चंद्राकर मंडल कोषाध्यक्ष, राकेश साहू मंडल उपाध्यक्ष, ताराचंद पटेल ज़िला पिछड़ा वर्ग मंत्री, डॉ डोमन यादव मंडल मंत्री, चैतराम पटेल शक्ति केंद्र संयोजक, यादराम पटेल मंडल महामंत्री किसान मोर्चा, धनकेतन पटेल बूथ अध्यक्ष, पूरन मार्कंडे अजा मोर्चा उपाध्यक्ष, सतीश मार्कंडे मौजूद रहे।

आस्था : सुबह से ही लगी रही दर्शनार्थियों की लंबी लाइन

तीसरे सावन सोमवार को भांगयुक्त जल से हुआ बम्हनेश्वर का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के तीसरे सोमवार को बम्हनी के बम्हनेश्वर महादेव का भांग युक्त जल से अभिषेक किया गया। यहां सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वही हजारों की संख्या में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में पंचकोशी दर्शन करने पहुंचे दर्शनार्थियों ने जलाभिषेक किया। इस दौरान बोल बम हर हर महादेव के जय घोष से मंदिर परिसर गुंजित होता रहा। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सर्वराकर डॉ. संतोष अग्रवाल ने बताया कि श्रावण मास में यहां प्रतिदिन श्रावणी पूजन मासिक अनुष्ठान किया जा रहा है। जिसमें सांगोपांग पूजन एवं दुग्धाभिषेक पश्चात श्रृंगार आरती किया जा रहा है। पूजन विधान महासमुंद के नगर पुरोहित पंकज तिवारी के उपपुरोहित पंडित लकी नारायण शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मुख्य जजमान होरीलाल पांडेय, उपजजमान पं. संतोष दुबे हैं। इसके अलावा तीसरे सावन सोमवार को जजमान के रूप में नेहा अरुण अग्रवाल रायपुर, श्यामा सुबोध कुमार अग्रवाल मंदिर हसौद, स्वाति अमिताभ अग्रवाल आरंग, मुस्कान अग्रवाल, प्रमोद पांडेय, सुखीराम साहू आदि पूजन में शामिल हुए। चौथे सोमवार 12 अगस्त को कपूर युक्त जल से बम्हनेश्वरनाथ का अभिषेक किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मासशिवरात्रि के मौके पर 2 अगस्त शुक्रवार को 11 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। इसी तरह चतुर्दशी तिथि शनिवार 3 अगस्त को 5 लीटर गंगाजल से तथा तीसरे सावन सोमवार को भांगयुक्त से जल से अभिषेक के बाद शिवलिंग पर भांग का लेपन किया गया। हरेली अमावस्या पर महादेव को गुलगुला का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। पंडितों का कहना है कि अलग-अलग विधान से महादेव का पूजन करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में यहां प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे श्वेत गंगा कुंड में मां गंगा की आरती की जा रही है। जिसमें श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु अभिषेक पूजन में शामिल होना चाहते हैं वे मंदिर पुजारी या सुखीराम साहू से संपर्क कर जजमान बन सकते हैं।

ब्लैकबोर्ड पर लिखकर दी कानूनी शिक्षा, छात्रों में भी दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय महासमुंद से लगे

- उमरदा हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी, शिक्षक की भूमिका पर नजर आए प्राधिकरण के सचिव चंद्रा

वनाचंल ग्राम उमरदा स्थित हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा पहुंचकर विधिक जागरूकता विषयों पर आधारित बौद्धिक परिचर्चा एवं बच्चों को ब्लैक बोर्ड के माध्यम से समझाकर तथा छात्रों के द्वारा पूछे जाने वाले उत्सुक प्रश्नों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा गुड टच बेड टच, महिलाओं से संबधित होने वाले अपराध, बाल श्रम कानून, दहेज आदि के संबंध में छात्र-छात्राओं को ब्लैक बोर्ड के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे, समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान कराना होता है।

डाइट में उत्साह के साथ मनाया गया हरेली त्यौहार

महासमुंद। छत्तीसगढ़ का प्रथम एवं पारंपरिक त्यौहार हरेली बड़े ही धूमधाम से प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुये प्राचार्य मीना पाणिग्राही ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ का प्रथम एवं कुशहाली का पर्व है। हमें इस त्यौहार की परंपरा व रीति रविाज को विज्ञान के साथ समायोजन कर समझना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि कृषि प्रधान देश में छग धान का कटोरा वाला प्रदेश है। कृषक अपने सभी कार्यों को पूर्ण कर कृषि औजारों का पूजन करते हैं एवं नीम, गोबर से अपने खेती की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर सुमन दीवान, उमा देवी शर्मा, दुर्गा सिन्हा द्वारा भी विचार रखें। छात्राध्यापकों द्वारा कृषि औजारों के पूजन पश्चात हरेली पर आधारित गीत आरजू बानो व साथियों के द्वारा किया गया। हरेली क्यों मनाते हैं इस विषय पर पारंपरिक अंदाज में लक्ष्मी ध्रुव व वैज्ञानिक अंदाज में अजय साहू ने बताया। नीमपत्ती, गोबर, हरेली कंदमूल, पकवान व गेड़ी जैसे विषय वस्तु पर गायत्री वर्मा, अमन लहरे, गोपाल बरिहा, कामदेव सिदार, पल्लवी साहू, समृद्धि साहू, राजेश निषाद एवं प्रियंका यादव द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने आनंद उठाया। छात्राध्यापकों एवं कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता टेकराम सेन की शानदार तैयारियों का सभी ने प्रसंसा की। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक के सिंग, राजेश चंद्रार, कमलेश पांडेय, तिलोत्मा प्रधान, किरण कन्नौजे, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, सुनील, योगेंद्र, आकांक्षा, गरिमा, राधा, मीना, अजय, उदित सहित छात्राध्यापक जसवंत सिदार, अमृत सिदार, किरण, ज्योति, गोविंद चौधरी सहित सभी का अमूल्य योगदान रहा । संचालन रेणुका पटेल, नम्रता साहू, विभू सोना, भूमिका ध्रुव ने किया।

पूर्व राज्यमंत्री पूनम का जन्मदिन मनाने जुटे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

3 अगस्त को पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर का जन्मदिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा व महिला मोर्चा द्वारा आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर के राजनीतिक सफर का उल्लेख कर कार्यकर्ताओं को युवा अवस्था में ही पार्षद से लेकर राज्यमंत्री तक का सफर को बताया। साथ ही जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री महासमुंद जिलाध्यक्ष रहते हुए 2003 में महासमुंद की चारों सीट विजयश्री प्राप्त की थी। अगले कर्म में संदीप दीवान ने बताया कि पूर्व मंत्री लगातार पार्टी संगठन में अनेक दायित्वों में संभालते हुए लगातार संगठन के लिए काम करते आ रहे हैं। मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री चंद्राकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की। इनके मार्गदर्शन अभी 8 महीने पूर्व विधानसभा व 2 महीने पूर्व लोकसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा व लोकसभा में विजय श्री हासिल की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू, माधव टांकसाले, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, विधानसभा समन्वय समिति सह संयोजक संदीप दीवान, प्रलय थिटे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, बसंत लूनिया, कौशल्या बंसल, विष्णु चंद्राकर, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, प्रेम चंद्राकर, नरेंद्र गिरी, सुधा साहू, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, अमित साहू, पंकज चंद्राकर, गोपाल वर्मा, लक्ष्मी साहू, प्रभा साहू, जतिन रुपरेला, खुशाल ठाकुर समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना सरकार का उद्देश्यः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने प्रदेश के भाजपा सरकार के निर्देश पर नगरीय क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर को लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा उठाए गए बेहतर कदम बताया है। रमेश ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसलिए सरकार ने स्थानीय स्तर पर लोगों को उनके ही घरों के समीप शिविर लगाकर समस्याओं तथा मांगों से संबंधित समस्त प्रकरणों को निराकरण करने का मार्ग बनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के बीच पहुंचकर उनके वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं का निराकरण करने सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहर के सभी वार्डों में यह शिविर 10 अगस्त तक लगाए जाएंगे। उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील की कि हर छोटी-बड़ी समस्याओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण शिविर के माध्यम से किए जाएंगे। इस शिविर का लाभ नागरिक उठाएं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समस्याओं के समाधान तथा योजनाओं के लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इस उद्देश्य से शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं, मूलभूत सुविधाएं, स्वच्छता, सफाई नागरिकों का अधिकार है। कांग्रेस शासन काल के समय से पालिका में व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने यह शिविर सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवासों में किया गया पौधारोपण

महासमुंद। तुरेंगा के आश्रित ग्राम जोरातरई के कमारडेरा में कमार जनजाति परिवार निवासरत है। जिनमें से 19 परिवारों को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनमें से हितग्राही देवकी बाई कमर और और फुलबतिया बाई कमार के आवास पूर्ण होने पर गृहप्रवेश के कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा उन्हें अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सिस्टरिन बाई कमार तथा तिसरी बाई कमार को राशि हस्तांतरण का प्रमाण पत्र सौंपा गया। ग्राम पंचायत तुरेंगा के समस्त पीएम आवास योजनांतर्गत आवासों में इस अवसर पर पौधरोपण किया गया।

बिंद्रावन से सुमन-जागृति का प्रयास स्कूल में चयन

नर्रा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए प्रयास विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें बागबाहरा विखं के संकुल केंद्र नर्रा के अतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन के छात्रा सुमन और जागृति का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्रयास विद्यालय में चयनित होने पर दोनों छात्रों को उपहार में श्रीफल व चदंन से टीका लगाकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य भोगसिंह ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, रूपसिंह, सागरचंद, वेदप्रकाश सहित शिक्षक गोविंद सिंह चक्रधारी, वैशाली निगम, रामप्रसाद साहू, अशोक बरिहा, डगौरी यादव, धनेश्वरी भास्कर मौजूद रहे।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की मशाल रैली कल, हुई तैयारी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भत्ता सहित पांच प्रमुख मांगों को

- डीए सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी नवा रायपुर में करेंगे प्रदर्शन

लेकर छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आंदोलन के प्रथम चरण में 6 अगस्त मंगलवार को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक 2 बजे मशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक टेकराम सेन व सह संयोजक रेखराज शर्मा ने कर्मचारी अधिकारियों को आव्हान करते हुए कहा कि 6 अगस्त 2024 को चरणबद्घ आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 6 अगस्त को नवा रायपुर में मशाल रैली, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त के बीच सभी विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपना, तृतीय चरण में 11 सितंबर 2024 को ब्लाक, तहसील व जिला इकाई द्वारा मशाल रैली का आयोजन एवं चतुर्थ चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन होगा। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा जुलाई 2017 से देय तिथि पर महंगाई भत्ता एरियर्स सहित जीपीएफ खातों में जमा करने एवं जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत डीए की मांग की जा रही है। इसी प्रकार चार स्तरीय समयमान, केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के संथान पर 300 दिन करने शामिल है।

दुर्भाग्यजनक स्थिति है कि इन मांगों के लिए कर्मचारी अधिकारियों को सडक़ पर उतरना पड़ रहा है। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में आंदोलन की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। तत्पसंबंध में कर्मचारी भवन महासमुंद में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक टेकराम सेन, सह संयोजक रेखराज शर्मा, अशोक गिरि गोस्वामी, चमन चंद्राकर, दीपक तिवारी, दिलीप तिवारी, संतोष कुमार सोनी, नीतेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार साहू, अनिल कुमार कोसरिया, सिराज बक्स, ईश्वर चंद्राकर, चंद्रभान साहू सहित सभी कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिल रहा है। जिला संयोजक ने बताया कि सभी विकासखंडों में बैठकों का दौर जारी है एवं आंदोलन संबंधी तैयारियां जारी है। सभी ने सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए एक स्वर में कहा गया कि सरकार कर्मचारियों के प्रति असंवेदनशीलता का परिचय दे रहा है।

ज्ञान के साथ संस्कार की शिक्षा देना भी जरूरीः आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ज्ञान के साथ संस्कार की शिक्षा देना भी आज जरूरी है। ज्ञान प्राप्त करना जितना जरूरी है उतना ही मनुष्य में संस्कार का होना जरूरी है। इसलिए विद्यालय में बच्चों को दोनों की शिक्षा साथ-साथ देना चाहिए।

उक्त उद्गार विवेकानंद शिक्षण समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहीं। आचार्य ने कहा कि विद्यालयों का लंबे समय से संचालन करना लगन, परिश्रम को दर्शाता है। विद्यालय के शिक्षिकाओं तथा बच्चो के अनुशासन को देख कर लगता है कि पढ़ाई भी उतने ही लगन से की जाती होगी, विद्यालय का नाम छात्रों की संख्या पर नहीं बल्कि संस्था के परीक्षा परिणाम के आधार पर होता है। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने कहा कि 39 वर्षों से लगातार विद्यालय में संचालन में बहुत उपलब्धि की जानकारी दी। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकम में यहां के छात्र संभागीय तथा राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेकर विद्यालय की पहचान बनाई है। कार्यक्रम को दीपक साकरकर तथा ऐम विद्यालय के संचालक राकेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यकम मुकेश साहू, नेहरू साहू, बसंत ध्रुव, सेवक ध्रुव, गिरजा कंडरा, प्रेमबती कंडरा, जानकी ध्रुव सहित पालकगण उपस्थित थे। कार्यकम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद, स्व. नीलकंठ राव साकरकर, पद्मावती टांकसाले के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित मुख्य अतिथिगणों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों को मुख्य अतिथि तथा पालकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथिगण का स्वागत शिक्षिका अंजलि सिन्हा, कंचन यादव, मनीषा ध्रुव ने किया। कार्यक्रम संचालन झरना यादव द्वारा तथा प्राची चंद्राकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

हरेली पर जनमन आवास में गृह प्रवेश और वृक्षारोपण का कार्यक्रम

महासमुंद। जनपद पंचायत महासमुंद में हरेली त्योहार के इस मौके पर जनमन आवास में गृह प्रवेश व वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी हुआ। जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत तुरेंगा के आश्रित ग्राम जोरातराई के कमारडेरा में यह कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि कमलेश ध्रुव, ग्राम पंचायत तुरेंगा के सरपंच, उपसरपंच उपस्थित, जनपद के सीईओ मंडावी, पीएम आवास के जिला समन्वयक प्रतीक तिवारी, जिला एपीओ मनोज सिन्हा, ब्लॉक के कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक ममता ध्रुव, तकनीकी सहायक व ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

बोलबम कांवरियों का किया गया स्वागत

महासमुंद। ग्राम खरोरा में 4 अगस्त रविवार को शाम 5 बजे बोलबम कांवरियों ने पूजा अर्चना कर सिरपुर के लिए रवाना हुए। इस मौके पर कांवरियों का स्वागत किया गया। इसमें पंच संजय साहू, उमा साहू, मालती पटेल, राहुल पटेल, पुलकित पटेल कमल, राजकुमारी यादव, डेविका आदि मौजूद रहे।

शांत्रीबाई कॉलेज में मनाया हरेली त्योहार

महासमुंद। स्थानीय शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में हरेली तिहार के उपलक्ष्य में बीएड तृतीय वर्ष के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं द्वारा हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड पाठ्यक्रम के सभी प्रशिक्षार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत तथा सरस्वती माता पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि हरेली त्योहार छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार है। इसे कैसे और क्यों मनाया जाता है, इसके महत्व को बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति और सभ्यता को महत्वपूर्ण माना। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने आभार जताया।

रोहिना में बाल कैबिनेट का हुआ शपथ ग्रहण

महासमुंद। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रोहिना में बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। प्रियंका राणा (प्रधानमंत्री), रजनी राणा (शिक्षा मंत्री), जसवंती भोई (वित्त मंत्री), दुर्गेश यादव (खेल मंत्री), सोनिका सेठ (क़ानून मंत्री), कुंदन राठिया (स्वच्छता व स्वास्थ्य मंत्री), प्रियांशी गोरियार (पर्यावरण मंत्री) एवं कृतिका सिदार ने क़ृषि व उद्योग मंत्री के रूप में अपने पद की गरिमा को बनाए रखने और अधिकारों का उपयोग निष्पक्ष और अच्छे तरीके से करने का शपथ लिया। इस अवसर पर शिक्षक सूरज कुमार पटेल, एके पटेल, के साहू और एल पटेल मैम उपस्थित रहे।

आयोजन: महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नवप्रवेशित छात्रों के लिए मनाया गया दीक्षारंभ समारोह

महाविद्यालय में प्रवेश जीवन की नई शुरुआत, जहां से अपने भविष्य की नींव तैयार करेंगे विद्यार्थी : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मचेवा स्थित शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा डॉ. रीता पांडे (कला संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग) के संयोजन तथा डॉ. दुर्गावती भारतीय (सहायक प्राध्यापक हिंदी) के सह-संयोजन में सभी संकायों के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रातः 11 से 2 बजे तक सभी संकायों में इंडक्शन प्रोग्राम (प्रेरण कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रावधानों के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कोर्सेज यथा डीएससी, डीएस ई, जीई, एईसी, वीएसी एवं एसईसी से अवगत कराना था। ताकि, विद्यार्थी सही विषय का चयन कर सकें। कला संकाय के नवप्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम डॉ. रीता पांडे (कला संकाय प्रमुख), डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग तथा दिलीप कुमार बढ़ाई (विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग) के निर्देशन में सभागार में आयोजित हुआ। जीव विज्ञान विभाग के नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम कक्ष क्र. 1 में डॉ. ईपी चेलक (सहायक प्राध्यापक-वनस्पति शास्त्र) तथा गणित विभाग के नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम कक्ष क्रमांक 5 में मनीराम धीवर (सहायक प्राध्यापक-भौतिक शास्त्र) के नेतृत्व में कराया गया। वाणिज्य संकाय के नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम कक्ष क्रमांक 7 तथा 8 में वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा तथा राजेश्वरी सोनी (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) के नेतृत्व में कराया गया। कंप्यूटर संकाय के नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम डॉ. अजय कुमार देवांगन (सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर एप्लीकेशन) तथा टीकम साहू के नेतृत्व में कराया गया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम प्रतिमा चंद्राकर (सहायक अध्यापक हिंदी), रवि देवांगन (सहायक अध्यापक- अर्थशास्त्र) तथा तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक-वाणिज्य) के नेतृत्व में कक्ष क्रमांक 11 एवं 12 में आयोजित किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय महासमुंद से माधुरी दीवान, मुकेश कुमार सिन्हा, चित्रेश बरेठ, शेषनारायण साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चयनित राजदूत (एंबेसेडर) बीकॉम प्रथम वर्ष के प्रियांशु सिन्हा तथा जसलीन कौर गुरुदत्ता ने अपने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए साफ सफाई कराकर रंगोली से सजाया गया था। महाविद्यालय की समस्त अध्ययन कक्षाएं, ग्रंथालय, कार्यालय, शौचालय एवं पूर्ण परिसर की समुचित साफ सफाई का ध्यान रखा गया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने एवं संयमित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय की विकास यात्रा एवं इस सत्र से प्रारंभ हो रहे नवीन पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यह नई शिक्षा नीति विश्व स्तर पर नई पहचान बनाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षों में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को इस सत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आ जाने के उपरांत दीक्षारंभ समारोह का नाम दिया गया है।

इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित समस्त विद्यार्थियों तथा उनके साथ आए पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनको नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समस्त प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को परिवर्तित हुए पाठ्यक्रम, समय सारणी, वैकल्पिक विषय के चयन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। सभी मास्टर ट्रेनर्स ने चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उपलब्ध बहु-संकाय अध्ययन की सुविधा व्यवस्था को समझाया। उन्होंने बताया कि अब स्नातक स्तर में अध्ययन अध्यापन वार्षिक ना होकर अर्धवार्षिक (सेमेस्टर) पद्धति से आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यार्थियों को अपने चुने हुए तीन मुख्य विषयों के अलावा अन्य संकाय से एक मुख्य विषय चुनना अनिवार्य रहेगा। कला संकाय का विद्यार्थी विज्ञान या वाणिज्य संख्या के किसी एक मुख्य विषय को अपने सामान्य ऐच्छिक (जेनेरिक इलेक्टिव) के रूप में चुन सकेंगे। विज्ञान संकाय के विद्यार्थी कल अथवा वाणिज्य संख्या से एक मुख्य विषय का चयन कर सकेंगे तथा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी कल अथवा विज्ञान संकाय से एक मुख्य विषय का चयन करेंगे। जिसके लिए विद्यार्थियों को प्रतिदिन उसे दूसरे संकाय में जाकर उसकी सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक कक्षाएं पढ़ना होगा। इस तरह से विद्यार्थी अब बहुविषयी अध्ययन करते हुए अपनी प्रतिभा का अधिक निखार लाकर दूसरे क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर पा सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अब से महाविद्यालय का प्रत्येक कालखंड 40 मिनट का न होकर एक घंटे का हुआ करेगा। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ होगा तथा भारत को 2047 में एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर हम अग्रसर हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि सामान्य ऐच्छिक (जीई) के अलावा एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वैल्यू एडेड कोर्स वीएसी) भी विद्यार्थियों को चयन करना होगा। विद्यार्थियों को सतत आंतरिक मूल्यांकन तथा अंत सेमेस्टर परीक्षा की भी संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य सभी संकायों के कक्षों में जाकर इंडक्शन कार्यक्रम की सूक्ष्मता से निगरानी करते हुए अपने संक्षिप्त संभाषण द्वारा सभी का प्रोत्साहन वर्धन किया। 2:30 बजे मुख्य अतिथि के आगमन उपरांत सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम राजकीय गीत अरपा पैरी के धार में समस्त महाविद्यालय सरीक हुआ। मंच में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक अजय कुमार राजा ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिता रावटे (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), पवन पटेल (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), संदीप दीवान (सांसद प्रतिनिधि), मंगेश टकसाले (पार्षद), मनीष शर्मा (पार्षद), पारस चोपड़ा (आईक्यूएसई सदस्य), अमित चोपड़ा (उपाध्यक्ष, अलुमनी समिति), महेश मक्कड़ तथा हरवंश सिंह ढिल्लों उर्फ नानू भाई (पूर्व पार्षद) आदि मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय जन भागीदारी समिति तथा अलुमनी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि आप लोगों के लिए महाविद्यालय में प्रवेश जीवन की नई शुरुआत है, जहां से आप अपने भविष्य की नींव तैयार करेंगे। उन्होंने अपने अभिभाषण में आश्वासन दिया कि महाविद्यालय तथा छात्र-छात्राओं संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि अनिता रावटे ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति साकार करने विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने वाली नीति है इस नीति से बच्चों को ईमानदारी से जुड़ना होगा। विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान ने युवा वर्ग को सही दिशा में आगे बढ़ाने हेतु आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अमित चोपड़ा ने विद्यार्थियों को परिश्रम अनुशासन धैर्य एवं समर्पण पर जोड़ देते हुए नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

होलीफेथ में मनाया हरेली उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द न्यू होलीफेथ स्कूल में हरेली उत्सव में चीला, गेड़ी, फुगड़ी, बिल्लस के महत्व को अवगत कराने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण, गुरहा चीला का भोग लगाकर वंदना प्रस्तुति के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन ने अपने माधुर्य शब्दों में हरेली तिहार मनाने के कारण को उल्लेखित किए। बोध कराए की हरेली तिहार धान के कटोरा छत्तीसगढ़ में खेतों की बियासी होने के बाद खेती के औजार नागर, कुदाली, हसिया, रापा आदि को धोकर उसकी पूजा की जाती है। बच्चों के लिए गेड़ी बनाए जाते हैं। इस दिन लड़कियां फुगड़ी, बिल्ल्स, खो-खो, कबड्डी आदि खेल मिलजुलकर खेलते हैं। इस पर्व को सभी सौहार्द्र भाव से परस्पर स्नेह भाव से मनाते हैं। इसी क्रम में प्राचार्या सरवरी पींचा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिमा अनूठी, अद्वितीय है।

यहां की प्राकृतिक छटा, लोकगीत, संस्कृति, परंपरा एवं मीठ मीट, भाखा बोली सबके अंतस को सराबोर कर देती है। इसी तारतम्यता में शिक्षिका रेखा विश्वकर्मा ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत की। साथ ही बच्चों ने फैंसी ड्रेस, ड्रामा, संवाद, समूह नृत्य, भाषण आदि प्रस्तुत किए, जिसने सबके मन को हर लिया।

तुमगांव में धूमधाम से मनाया गया हरेली पर्व

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू, विनोद गहरवाल, नरेंद्र साहू, डोमार पटेल आदि ने नगर पंचायत के स्वच्छता सफाई कर्मचारियों को सम्मान पूर्वक साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर साफ सफाई के लिए नया टीपर कचरा का पूजा पाठ कर हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं हरियर तुमगांव अभियान के तहत नगर के कुलदेवी मां शीतला मंदिर परिसर 30 नीम पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर पुष्कर यादव, गेंदराम यादव, संतोष साहू, पप्पू शर्मा, रामचंद्र पटेल, डोमार पटेल, हेमंत धीवर, अंशु पटेल, प्रमोद धीवर, टिकेश्वर पटेल, वीरेंद्र धीवर आदि मौजूद रहे।

लोक कलाकार सुखराम के निधन पर शोक

नर्रा। बागबाहरा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत कलाकार व गांजर नाचा गम्मत पार्टी के संस्थापक सुखराम बघेल टेड़ीनारा निवासी का निधन हो जाने पर नाचा गम्मत के कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है। सुखराम बघेल 15 वर्ष के उम्र से ही नाचा गम्मत में अपना प्रस्तुति देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार जैसे अनेक राज्यों में उन्होंने नाचा गम्मत विधा में अपना एक अलग पहचान बनाई और वह अपने उम्र के अंतिम पड़ाव तक सक्रिय थे। वे नाचा गम्मत के माध्यम से लोगों को नाचा गम्मत के प्रति जोड़कर रखे थे। वह एक हास्य कलाकार के रूप में लोगों के बीच में काफी मशहूर थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजित चक्रधारी ने बताया कि सुखराम बघेल नाचा गम्मत के पुरोधा थे। उनका जाना हमारे नाचा जगत के लिए बहुत ही अपूरणीय क्षति है। महासमुंद जिलाध्यक्ष हेम सिंह नाग एवं जिला के समस्त नाचा गम्मत कलाकारों ने सुखराम बघेल को श्रद्धांजलि देते हुए शोक प्रकट किए है।

ओंकारेश्वर की हुई विशेष पूजा ...

महासमुंद। ग्राम खरोरा में सावन महीना के तृतीय सोमवार को भगवान ओंकारेश्वर महादेव को फूलों से सजाया गया। कन्या एवं महिलाओं ने विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर मोनिका, टीना, प्रियंका, गोदावरी, जय, डाली, माधुरी, उतरा चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, अरुण धीवर, सुहातीन चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, लीना चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, भारती चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर, अनिता चंद्राकर, मालती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

चिरको महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में 5 अगस्त को उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा प्राप्त निर्देश के परिपालन में प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरि राम पटेल सरपंच चिरको एवं विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सरपंच पटेल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लाभ उद्देश्य के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समन्वय तरूण कुमार ध्रुव एवं सदस्य लता भोई द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी प्रदान किया। साथ ही सभी संकाय एवं महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जगमोहन सिंह ठाकुर, दुष्यंत धुव, संतोष साहू, सेवती पटेल सदस्य बिहाव संगठन, मनीषा यादव, हेमीन साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर पालकगण कलाम खान, तहिरा नाज एवं कार्यालय से फलेश दीवान, ऋषि वर्मा समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

वृंदावन विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया हरेली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में रविवार को हरेली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छग महतारी के छायाचित्र, सरस्वती माता व कृषि औजारों की पूजन वंदन संस्था प्रमुख चेयरमैन एमआर विश्वनाथन, डायरेक्टर सुजाता विश्वनाथन ने की। तत्पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा सुनिधि यादव द्वारा हरेली गीत प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रमुख सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभ्यता व संस्कृति इस प्रांत की पहचान है। इस देश की माटी में हरे–भरे लहलहाती फसल सुख शांति का वातावरण सभी तरफ फैला रहे हैं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती को सुनहरी बनाने प्रेरित किया। एमआर विश्वनाथन ने कहा कि सावन महीने का सबसे प्रथम त्यौहार हरेली है। ये बच्चों के उत्साह व हर्ष का पर्व है। गेडी, भौरा, बाटी, फुगड़ी जैसे विविध खेलों का आनंद लेते है। इंदू मिश्रा ने बताया कि हरेली त्यौहार के दिन कृषि औजारों के साथ पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रीन डे को लेकर बच्चों ने विशेष पोशाक धारण कर हरियाली का महत्व प्रकट किया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिता फुगडी, गेड़ी, भौरा आदि का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालों में देवंशी, वंशिता, खिलेश्वरी, अरविंद, लुकेश, आनवी, रिद्धिम, काव्य, नूपुर, दीपांशु, अमन, अनु, आनंदी, तन्मीत, हरप्रीत, तनु, भूमि, योगिता, सुनिधि, पुरवा, अजय, लोकेश्वरी, इंदू, समीर, स्वेच्छा, तानिया, पवन आदि शामिल रहे। आभार व्यक्त सागर गंदेचा ने किया। कार्यक्रम में रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौड़, एम रजनी, संध्या सोना, जागृति साहू, दामिनि वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, यशवंत धृतलहरे, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदनी साहू, सुमन साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, मोनिका साहू एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।